# निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

E-mail- directorsocialwelfare@gmail.com Website- www.socialwelfare.uk.gov.in

पत्रांक 738/निदे0स0क0/स्था–03 /2026–27 दिनांक 19 मई, 2026

नोडल अधिकारी,
आई0टी0 सैल,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

**विषय– वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम के तहत प्राप्त अनुरोध पत्रों को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

कृपया उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 के क्रम में अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु कार्मिकों से प्राप्त अनुरोध पत्रों को विभागीय वेबसाइट पर दिनांक 20.05.2026 तक अपलोड किया जाना है।

अतः कार्मिकों से प्राप्त अनुरोध पत्र इस आशय से प्रेषित किये जा रहे है कि उक्त प्राथना पत्रों को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

**संलग्न– यथोक्त**

19/05/2026

(वासुदेव आर्य)
उपनिदेशक

## विभाग में कार्यरत कार्मिकों के अनुरोध पत्र

| क. सं. | कार्मिक का नाम | पद नाम | वर्तमान में तैनात कार्यालय का नाम | अनुरोध पत्र का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुकेश राणा | कनिष्ठ सहायक | रा0औ0प्र0 संस्थान, बागेश्वर | माता जी का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण गृह जनपद चमोली में स्थानान्तर हेतु अनुरोध पत्र |
| 2. | श्री अनुज कुमार | कनिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, नैनीताल | माता जी किडनी रोग से ग्रसित होने के कारण जनपद देहरादून में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 3. | श्री मुकेश चन्द्र उनियाल | कनिष्ठ सहायक | निदेशालय समाज कल्याण, हल्द्वानी | पिता जी द्वारा हृदय रोग से पिड़ित होने के कारण श्री मुकेश उनियाल का स्थानान्तरण जनपद देहरादून में करने हेतु अनुरोध पत्र |
| 4. | श्री पंकज नैल्वाल | कनिष्ठ सहायक | निदेशालय समाज कल्याण, हल्द्वानी | पिता जी का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण उनकी देखरेख हेतु गृह जनपद अल्मोड़ा में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध। |
| 5. | श्री धर्मपाल सिह | कनिष्ठ सहायक | रा0आ0प0 विद्यालय बेतालघाट | दोनों किडनी में पथरी होने के कारण चिकित्सकीय सुविधा के दृष्टिगत जनपद उधमसिह नगर में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध |
| 6. | श्री चिरंजीव जोशी | कनिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, चम्पावत | माता जी का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण उनकी देखरेख हेतु जनपद नैनीताल अथवा उधमसिह नगर में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 7. | श्री रजत प्रकाश | कनिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, चमोली | पारिवारिक परिस्थितियों के कारण जनपद देहरादून या टिहरी गढ़वाल में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र। |
| 8. | श्री महेश चन्द्र तिवारी | कनिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, बागेश्वर | मधुमेह व्याधि से ग्रस्त होने के कारण उपचार बोश्वर से चल रहा है। जिस कारण जनपद बागेश्वर से अन्यत्र स्थानान्तरण न किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 9. | श्री जीवन लाल | कनिष्ठ सहायक | निदेशालय समाज कल्याण, हल्द्वानी | बच्चा मानसिक रोग से ग्रसित होने के कारण उसका ईलाज हल्द्वानी में चल रहा है जिस कारण स्थानान्तरण न करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 10. | श्री विनोद कुमार | वरिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | माता जी का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण टिहरी गढ़वाल में ही यथावत कार्यरत रखने हेतु अनुरोध पत्र |
| 11. | श्री आकाश श्रीवास्तव | वरिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, उत्तरकाशी **सम्बद्ध** टिहरी गढ़वाल | माता जी सर्वाइकल स्पोन्डिलाइटिस व मधुमेह बिमारी से ग्रस्त होने के कारण रा0दिव्यांग कर्मशाला, चमियाला अथवा हरिद्वार में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 12. | श्री सतबीर सिह यादव | वरिष्ठ सहायक | आयुक्त दिव्यांगजन, देहरादून **सम्बद्ध** अनु0जाति/जन जाति नियोजन प्रकोष्ठ, देहरादून | अनु सचिव/संयुकत निदेशक, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 320 दिनांक 04 मई, 2026 के द्वारा श्री सतबीर यादव, वरिष्ठ सहायक को स्थानान्तरण प्रकिया से पृथक रखने हेतु अनुरोध । |
| 13. | श्री संजय जोशी | वरिष्ठ सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, उधमसिह नगर **सम्बद्ध** निदेशालय स0क0, हल्द्वानी | पुत्री की बोलने एवं समझ की समस्या होने के कारण हल्द्वानी में निरन्तर आक्यूपेशनल /स्पीच/स्पेशल एजुकेशनल थैरेपी चलने के कारण निदेशालय, स0क0, हल्द्वानी में स्थानान्तरण करने अथवा स्थानान्तरण से मुक्त रखने हेतु अनुरोध पत्र। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | श्रीमती लक्ष्मी गोस्वामी | प्रधान सहायक | जि0स0क0 अधिकारी, बागेश्वर **सम्बद्ध** निदेशालय स0क0, हल्द्वानी | छोटे-छोटे बच्चे व बृद्ध सास-ससुर की देखभाल हेतु घर में कोई सदस्य न होने के कारण निदेशालय स0क0, हल्द्वानी में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 15. | श्री तारा सिह मेहरा | प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, चम्पावत | पत्नी के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वर्तमान में उनका इलाज नैनीताल में चल रहा है। जिस कारण कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल में तैनात करने का अनुरोध किया गया है। |
| 16. | श्री दीपक जोशी | प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | माता जी दिव्यांग/बृद्ध होने के कारण उनकी देखभाल के मद्देनजर निदेशालय, समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी में स्थानान्तरण/सम्बद्ध होतु अनुरोध पत्र |
| 17. | श्री घनश्याम लाल आगरी | प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, बागेश्वर, **सम्बद्ध** जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | शारीरिक रूप से दिव्यांग/हार्ड से सम्बन्धित बिमारियों के करण कार्यालय जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 18. | श्री हरदेव सिह रावत | प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, उधमसिह नगर | बृद्ध पिताजी रक्तचाप व अन्य बिमारीयों से ग्रस्त होने के कारण उनकी देखभाल हेतु दुर्गम जनपद उत्तरकाशी में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 19. | श्री दलीप प्रसाद | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | भाई दिव्यांग व पैरालिस होने के कारण विस्तर से उठ नहीं सकने के कारण स्थानान्तरण अन्यत्र न करने के सम्बन्ध मे अनुरोध पत्र |
| 20. | श्री रामपाल सिंह मेहता | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | निदेशालय समाज कल्याण, हल्द्वानी | पत्नी अपराध अनुसंधान विभाग, हल्द्वानी मे कार्यरत होने तथा गंभीर रोग (कैंसर) से पिड़ित होने के कारण अनिवार्य स्थानान्तरण मे छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 21. | श्री सिद्धार्थ रावत | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, हरिद्वार **सम्बद्ध** आई0टी0 सैल, देहरादून | माता जी हृदय रोग से पिड़ित है एवं उनकी एजियोप्लास्टी की गई है। जिस कारण उन निरन्तर चिकित्सकों से परामर्श एवं इलाज हे अस्पताल ले जाना पड़ता है। जिस कारण सुगम से दुर्गम में स्थानान्तरण में छूट प्रदा करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 22. | श्री प्रकश चन्द्र जोशी | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी | निदेशालय समाज कल्याण, हल्द्वानी | दुर्गम सेवा पूर्ण होने के कारण कार्याल जिला समाज कल्याण अधिकारी, उधमसि नगर अथवा नैनीताल में स्थानान्तरण करने सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 23. | श्रीमती नीलम ज्योति | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | गृह परिस्थितियों एवं पति के चम्पावत कार्यरत होने के कारण स्थानान्तरण सम्बद्धीकरण जनपद चम्पावत में किये ज हेतु अनुरोध पत्र |
| 24. | श्रीमती मीनाक्षी उपाध्याय | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | पति देहरादून में कार्यरत होने के का दाम्पत्य नीति के तहत जनपद देहरादून स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 25. | श्रीमती नितिका चौहान | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | बच्चा 10 माह का है। बच्चे का प्री-मेच जन्म होने के कारण बच्चे को निरन्तर स्वार परीक्षण हेतु देहरादून ले जाना पड़ता है। प वायुसेना में मिजोरम राज्य में तैनात |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | उपरोक्त परिस्थिति के दृष्टिगत स्थानान्तरण देहरादून करने अथवा टिहरी गढ़वाल में ही यथावत कार्यरत रखने हेतु अनुरोध पत्र |
| 26. | श्रीमती नम्रता गौड़ | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल | पति मौसम विभाग टिहरी गढ़वाल में कार्यरत होने के कारण जनपद टिहरी गढ़वाल में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध पत्र |
| 27. | श्री विपिन विष्ट | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, चम्पावत | बृद्ध पिता एवं पारिवारीक परिस्थिति के दृष्टिगत जनपद नैनीताल में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र। |
| 28. | श्री सुधीर जोशी | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, उत्तरकाशी | पत्नी का स्वास्थ्य खराब रहने एवं उपचार देहरादून से चलने के कारण जनपद देहरादून में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र। |
| 29. | श्री गणेश सिह भण्डारी | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, उत्तरकाशी | पारिवारिक स्थिति के कारण स्थानान्तरण न करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 30. | श्री सुनील नेगी | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, चमोली | स्वयं की दिव्यांगता एवं पत्नी की अस्वस्थता के कारण देहरादून को स्थानान्तरित किये जाने का अनुरोध पत्र। |
| 31. | श्रीमती ऑचल वेदवाल | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | पारिवारीक कारणों से गृह जनपद देहरादून में स्थानान्तरित किये जाने का अनुरोध पत्र। |
| 32. | श्री गिरीश न्यूली | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, बागेश्वर | बृद्ध माता–पिता की देखरेख एवं पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद देहरादून में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 33. | श्री दलीप कुमार | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | बच्चे का स्वस्थ्य खराब रहने के कारण बच्चे का इलाज हल्द्वानी से चल रहा है। जिस कारण जनपद नैनीतल में स्थानान्तरण हेतु अनुरोध पत्र |
| 34. | श्री धन्नंजय सिंह लिंगवाल | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, चमोली | माता जी के बृद्धावस्था/अस्वस्थता के कारण जनपद चमोली में ही सेवा करने के इच्छुक है। अन्यत्र स्थानान्तरण न किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 35. | श्री मनोज जोशी | सहायक समाज कल्याण अधिकारी | जि0स0क0 अधिकारी, पिथौरागढ़ | पिता जी के शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण गृह जनपद में करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 36. | मो0 इरफान | सहायक अध्यापक | रा0आ0प0 विद्यालय, सिण्डी जसकोट, पौड़ी गढ़वाल | माता जी के द्वारा बृद्धा वस्था/बीमारी के कारणों से मो0 इरफान का स्थानान्तरण रा0आ0प0 विद्यालय, रूद्रपुर में करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 37. | श्रीमती नंदिता कर्नाटक | सहायक अध्यापक | रा0आ0प0 विद्यालय, रूद्रपुर | पति का दिनांक 27.09.2025 को स्वर्गवास हो जाने, स्वयं अकेली एवं अवसाद की स्थिति में होने के कारण रा0आ0प0 विद्यालय, रूद्रपुर से अन्यत्र स्थानान्तरण न करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 38. | श्री अरूण कुमार | सहायक अध्यापक/प्र0 अधीक्षक | रा0आ0प0 विद्यालय, रूद्रपुर | पारिवारिक समस्याओं के कारण अन्यत्र स्थानान्तरण न करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र |

S.A.O

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39. | श्री प्रदीप कुमार | अधीक्षक | रा0अनु0जाति शहीद सैनिक छात्रावास, नैनीताल | माता जी का स्वस्थ्य खराब रहने के कारण उनकी देख–रेख हेतु जनपद चम्पावत या जनपद पिथौरागढ़ में स्थानान्तरण करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र। |
| 40. | श्री जितेन्द्र सिंह | अधीक्षक | रा0अनु0जाति छात्रावास, ऋषिकुल, हरिद्वार | पारिवारिक समस्याओं के कारण गृह जनपद देहरादून में स्थानान्तरण करने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र |

( महेश चन्द्र पाण्डे )
प्रशासनिक अधिकारी
निदेशालय,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी-नैनीताल

सत्यपाल सिंह
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

प्रकाश जोशी
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

19/10/2020

(1)

अग्रिम प्रति

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा उचित माध्यम।

विषय **उत्तराखण्ड़ लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के अन्तर्गत स्थानान्तरण सत्र 2026–27 हेतु अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना पत्र का प्रेषण।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मैं दिनांक 19 जनवरी, 2024 से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर, में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हूँ। सादर अवगम कराया जाना है कि मेरी माता जी अर्थराइटिस एवं निम्न रक्त चाप रोग से ग्रस्ति होने के कारण उनका स्वास्थ्य खराब रहता है, मुझे उनकी देख–रेख एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय–समय पर गृह जनपद जाना पड़ता है, क्योकि मेरी माता जी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुझ पर ही है। कभी–कभी माता जी का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाता है, जिस कारण उन्हें चिकित्सीय उपचार दिलाये जाने हेतु बागेश्वर से चामोली जाना पड़ता है। वर्तमान तैनाती स्थल से घर की दूरी अधिक होने के कारण चिकित्सकीय परीक्षण हेतु समय का प्रबन्ध नहीं कर पा रहा हूँ। जिस कारण मुझे आर्थिक एवं मानसिक पीड़ा से गुजरना स्वाभाविक है।

अतः महोदय से विन्रमतापूर्वक सादर अनुरोध है कि मेरी विषम पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मेरा स्थानान्तरण जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय चमोली में करने का कष्ट करेंगे, ताकि मैं अपने शासकीय दायित्वों के साथ–साथ अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निवर्हन पूर्ण मनोयोग से कर सकू। इस असीम कृपा हेतु मैं और मेरा परिवार महोदय का आजीवन आभारी रहेगा।

प्रार्थी

(मुकेश राणा)
कनिष्ठ सहायक
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
बागेश्वर।

सादर अग्रसारित

Mahesh Pandey
for necessary action
13/04/26

सेवा में,

निदेशक महोदय,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा:– उचित माध्यम ।

विषय:– **अनुरोध के आधार पर गंभीर पारिवारिक एवं चिकित्सीय परिस्थितियों के कारण पर जनपद देहरादून में स्थानान्तरण चाहने के संबंध में।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मैं, अनुज कुमार, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल, में कार्यरत हूँ। मेरी तैनाती दिनांक 19 जनवरी, 2024 से जनपद नैनीताल में है, जहाँ पर मैंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ किया है तथा विभागीय कार्यों में सदैव सकारात्मक योगदान देने का प्रयास किया है।

महोदय, मेरी पारिवारिक परिस्थितियाँ अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील हैं। मेरी माता जी दीर्घकालीन किडनी रोग से ग्रसित हैं, जिनका समय–समय पर डायलिसिस कराया जाना अत्यावश्यक है। यह प्रक्रिया निरंतर चिकित्सकीय निगरानी एवं पारिवारिक सहयोग की अपेक्षा करती है। इसके अतिरिक्त मेरे पिता जी भी वृद्धावस्था के कारण अस्वस्थ रहते हैं एवं उन्हें भी नियमित देखभाल एवं सहारे की आवश्यकता रहती है।

मैं परिवार का एकमात्र सदस्य हूँ, जिस पर माता–पिता की देखभाल एवं उपचार की पूर्ण जिम्मेदारी है। वर्तमान में मेरी तैनाती जनपद नैनीताल में होने के कारण मैं अपने परिवार के साथ देहरादून में निरंतर उपस्थित नहीं रह पाता, जिससे माता–पिता की चिकित्सा एवं देखभाल में गंभीर कठिनाइयों उत्पन्न हो रही हैं। कई बार आपात स्थिति में समय पर पहुँच पाना भी संभव नहीं हो पाता, जो अत्यंत चिंताजनक है। माता–पिता की सेवा एवं देखभाल करना मेरा नैतिक एवं पारिवारिक कर्तव्य है, जिसका निर्वहन वर्तमान परिस्थितियों में मेरे लिए अत्यंत कठिन हो गया है।

उल्लेखनीय है कि निदेशालय, समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के पत्रांक सं0– 4968 दिनांक 31 मार्च 2026 के द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के अन्तर्गत कार्मिकों के स्थानान्तरण हेतु निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये है। मेरी उपर्युक्त गंभीर चिकित्सीय एवं पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत मेरे प्रकरण पर विचार करने का कष्ट करें।

अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि मेरी अत्यंत विषम पारिवारिक एवं चिकित्सीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, सहानुभूतिपूर्वक विचार कर मेरा स्थानान्तरण जनपद देहरादून में किए जाने की कृपा करें, ताकि मैं अपने माता–पिता की नियमित देखभाल, उपचार एवं आवश्यक सहयोग कर सकूँ।

**संलग्नक:– माता जी के चिकित्सीय अभिलेख (डायलिसिस संबंधी)**

भवदीय
09/04/26
(अनुज कुमार)
कनिष्ठ सहायक

S.A.O. / Yashpalji
आवश्यक कार्यवाही करें।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

**विषय : पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं के दृष्टिगत जनपद देहरादून में स्थानान्तरित/सम्बद्ध किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के कम में सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी वर्तमान में निदेशालय समाज कल्याण हल्द्वानी में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ऋषिकेश जनपद देहरादून का निवासी है।

महोदय हाल ही में प्रार्थी का विवाह संपन्न हुआ है तथा प्रार्थी की पत्नी नगर निगम ऋषिकेश में कार्यरत है। विवाह उपरान्त अलग–अलग स्थानों पर निवास करना पारिवारिक दृष्टि से अत्यंत कठिन हो रहा है। महोदय प्रार्थी के बुजुर्ग माता–पिता का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण उनकी देखभाल हेतु प्रार्थी का उनके साथ रहना अत्यंत आवश्यक है।

CFC

07.5.26

अतः महोदय से सविनय निवेदन है कि प्रार्थी की पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं के दृष्टिगत प्रार्थी को जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जनपद देहरादून में स्थानान्तरित/ सम्बद्ध करने का कष्ट करेंगे, ताकि प्रार्थी शासकीय कार्यो के साथ –साथ अपने परिवार की देखभाल भी सुगमतापूर्वक कर सके। महोदय इस हेतु प्रार्थी एवं प्रार्थी का परिवार आजीवन आपका आभारी रहेगा।

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

दिनांक– 30.04.2026

CAO

भवदीय,

(मुकेश चन्द्र उनियाल)
कनिष्ठ सहायक,
मुख्यालय

(4)

सेवा में,

**निदेशक,**
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

**विषय : स्थानान्तरण/सम्बद्धीकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया विनम्र निवेदन करना है कि मैं पंकज नैल्वाल पुत्र श्री मोहन चन्द्र नैल्वाल वर्तमान में समाज कल्याण निदेशालय, हल्द्वानी–उत्तराखण्ड में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात हूं, उक्त पद पर मेरी नियुक्ति माह जनवरी, 2024 में हुई है। मेरा गृह क्षेत्र जनपद अल्मोड़ा से 50 किमी0 दूर धौलादेवी विकासखण्ड के अन्तर्गत है, गांव में माताजी और पिताजी अकेले रहते है। **मेरे पिताजी की हाल ही में हार्ट बाल्व रिप्लेसमेंट (Heart Valve Replacement Surgery) सर्जरी हुई है**, उन्हें नियमित देखभाल की आवश्यकता है, प्रत्येक 10–15 दिवस के अन्तराल में ब्लड टेस्ट (INR) के लिए उन्हें अल्मोड़ा जाना पड़ता है। मेरी माताजी के घुटनों में दर्द रहता है, पिताजी की देखभाल के लिए घर में किसी भी सदस्य के उपलब्ध न होने के कारण मेरे परिवार को वर्तमान में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत मेरा स्थानान्तरण/सम्बद्धीकरण मेरे गृह जनपद अल्मोड़ा करने की कृपा करेंगे। इस हेतु मैं और मेरा परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा।

भवदीय,
Pankaj
**( पंकज नैल्वाल )**
कनिष्ठ सहायक,
समाज कल्याण निदेशालय,
हल्द्वानी–उत्तराखण्ड।

सेवा में,

निदेशक,

समाज कल्याण उत्तराखण्ड,

हल्द्वानी – नैनीताल।

विषयः– रा0 आश्रम पद्धति उ0मा0 वि0 बेतालघाट से अन्यत्र स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक नम्र निवेदन कर अनुरोध के साथ के अवगत कराना है कि प्रार्थी वर्तमान में रा0 आश्रम पद्धति उ0मा0 वि0 बेतालघाट में कनिष्ट सहायक के पद पर कार्यरत है। प्राथी के पारिवारिक समस्याओं की ओर महोदय का ध्यान आकृष्ट कर अवगत कराना है कि मेरे दोनो किडनी में पथरी होने के कारण कभी भी अचानक तेज दर्द होने पर तुरन्त चिकित्सकीय सुविधा की आवश्यकता रहती है तथा पत्नी को भी सास सम्बन्धी परेशानियों के कारण वर्तमान तैनाती स्थल में उपचार मिलना सम्भव नही है, तथा वर्तमान में मेरी पुत्री का कक्षा – 10 में एवं पुत्र कक्षा – 11 में अध्यनरत् है। वर्तमान तैनाती स्थल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव व बच्चों की पढाई की सुविधा न होने के कारण प्राथी को कार्यस्थल व परिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

अतः महोदय मेरी व मेरी पारिवारिक समस्याओं के दृष्टिगत मेरा स्थानान्तरण रा0 आश्रम पद्धति उ0मा0 वि0 बेतालघाट से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय रूद्रपुर अथवा आश्रम पद्धति विद्यालय रूद्रपुर में करने की महत्ति कृपा कीजिएगा। उक्त पुनीत कार्य हेतु में महोदय का आजन्म आभारी रहूगां।

भवदीय,

11/05/26

धर्मपाल सिंह

कनिष्ट सहायक,

रा0 आ0 प0 उ0मा0 वि0 बेतालघाट

Mahesh Pandey ji

12/05/26

(D-SWO)

(6)

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

पत्रांक 56(1)/स0क0/स्थाना0अनु0पत्र/2026–27 दिनांक, 17 ~~मई~~ अप्रैल,2026।

विषय– **श्री चिरंजीव जोशी, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का प्रत्यावेदन के प्रेषण विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री चिरंजीव जोशी, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का स्थानान्तरण हेतु प्राप्त अनुरोध पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगे। पत्र द्वारा श्री जोशी ने अपने पारिवारीक परिस्थित को देखते हुए अनुरोध किया गया है कि उनका स्थानान्तरण **कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल/जिला समाज कल्याण अधिकारी, उधमसिंह नगर** में स्थानान्तरण चाहने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसे मूल में संलग्न कर सस्तुति सहित महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

A0(M)

**संलग्न–उपरोक्तानुसार।**

DCWO
12.5.26

भवदीय,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,
जिला समाज कल्याण अधिकारी
चम्पावत।

विषय- पारिवारिक परिस्थिति के कारण अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण चाहने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि मेरे घर से वर्तमान तैनाती स्थल की दूरी लगभग 200Km दूर है जिस कारण मैं अपनी माँ की सेवा नहीं कर पा रहा हूँ। मेरी माता बी०पी०, शुगर एवं यूरिक एसीड से पीड़ित है। जिस कारण मैं तनाव और परेशान रहता हूँ। महोदय मेरे परिवार मे मैं और मेरी माता जी 2 ही सदस्य है। जिस से घर की देख रेख व अन्य समस्या उत्पन्न होती है। महोदय से निवेदन है कि

अतः उक्त के क्रम में अनुरोध के आधार पर जनपद नैनीताल/ उधमसिंह नगर में स्थानांतरण करने की कृपा करेगें इसके लिए मैं आपका अजीवन आभारी रहूँगा।

दिनांक 07.04.2026

भवदीय
[signature]
(चिरंजीव जोशी)
(कनिष्ठ सहायक)

A O
DSWO 17/4/26

प्रतिलिपि: निदेशक समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल

कार्यालय जिला समाज कल्याण, चम्पावत
पत्रांक 67 दिनांक 16/04/26

(7)

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तराखण्ड – हल्द्वानी – नैनीताल।

द्वारा – जिला समाज कल्याण अधिकारी, चमोली।

विषय – अनुरोध के आधार पर जनपद चमोली से जनपद देहरादून या टिहरी गढ़वाल में से किसी एक जनपद में स्थानान्तरण चाहने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनुरोध कराना है कि मेरा घर देहरादून जनपद में स्थित है तथा मेरी माता जी देहरादून में निवासरत है। मेरे पिता जी के निधन के बाद मेरी माता जी का स्वास्थय खराब रहता है। वर्तमान में उनकी देख रेख करने वाला मेरे इलावा कोई नहीं है परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य होने के कारण उनके चिकित्सा परीक्षण हेतु मुझे कई बार देहरादून जाना पडता है, चमोली जनपद देहरादून से लगभग 250की0मी0 दूर है जिस कारण में अपनी माता जी को समय पर उपचार दिलाने में अस्मर्थ रहता हूं जिसके चलते मेरी माता जी का स्वास्थय दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा है।

अतः महोदय से निवदेन है कि मेरी पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए मेरा स्थानान्तरण जनपद चमोली से जनपद देहरादून या टिहरी गढ़वाल में से किसी एक जनपद में करने कि महान कृपा करें, तांकि में शासकीय दायित्वों का उचित प्रकरण से निर्वाहन करते हुए अपनी माता जी का भी ध्यान रख सकूँ। जिसके लिए में आपका आजीवन आभारी रहुंगा।

भवदीय,
(रजत प्रकाश)
कनिष्ठ सहायक
कार्यालय जि0स0क0अधि0 चमोली।

अग्रसारित संस्तुत
D.S.W.O

8

सेवा में

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी नैनीताल।
द्वारा उचित माध्यम

महोदय,

सादर निवेदन करना है कि मैं जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय बागेश्वर में कनिष्ठ सहायक के पद पर 04 जनवरी 2022 से कार्यरत हूँ इससे पूर्व में वाहन चालक के पद पर जनपद बागेश्वर में तैनात था। महोदय मेरा स्वास्थ्य मधुमेह व्याधि से ग्रस्त है,जिसका उपचार जनपद में ही हो रहा है।

अतः महोदय प्रार्थी दुर्गम जनपद बागेश्वर में ही कार्य करने का इच्छुक है, इस लिए प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद के संस्थानों यथा रा0औ0प्र0संस्थान /रा0वृ0एवं अशक्त आवास गृह में ही करने का कष्ट करेंगे।

इस पुनीत कार्य हेतु प्रार्थी आपका आभारी रहेगा।

दि० 19.05.2026

भवदीय
(हस्ताक्षर)
महेश चन्द्र तिवारी
कनिष्ठ सहायक
कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी
बागेश्वर।

अग्रसारित
(हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर) 19.05.2026.

(9)

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी– नैनीताल

**विषय– पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण स्थानान्तरण में छूट दिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन करना है कि मेरा पुत्र आदित्य उम्र 15 वर्ष मनोरोगी है। जिसका इलाज वर्ष 2021 से अनवरत जारी है। इसके अलावा मेरा एक छोटा पुत्र है जिसकी उम्र 08 साल है, बड़ा पुत्र मनोरोगी होने के कारण कई बार उग्र हो जाता है, जिसे सम्भालना मुसकिल होंता है। उस समय वह मेरे अलावा किसी अन्य के बस में नही होता है, दिमांगी सन्तुलन ठीक नही होने के कारण के कई बार घर से गायब हो गया है। वर्तमान में उसका इलाज हल्द्वानी में मनो चिकित्सक डा0 लक्ष्मी कान्त जोशी के यहां से चल रहा है। जिस कारण से मेरा उसके साथ रहना अति आवश्यक है। मेरे साथ न रहने पर उसके ईलाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है, बालक के मनोरोगी होने के कारण परिवार में अनहोनी घटना होने की आशंका रहती है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि मेरी परिस्थिति को ध्यान में रखकर मुझे स्थानान्तरण में छूट प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्न– यथोक्त मेडिकल रिपोर्ट।

Mr Mahesh Pandey (AO)
18/5/2026.

प्रार्थी
18/5/26
(जीवन लाल)
कनिष्ठ सहायक

R-241
18-05-26

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढ़वाल।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल

पत्रांक 242/स0क0/ स्था0/प्रा0/2026–27 दिनांक 24 अप्रैल 2026

**विषय :** **श्री आकाश श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक के जनपद उत्तरकाशी से जनपद टिहरी गढ़वाल में राजकीय दिव्यांग कर्मशाला चमियाला/जनपद हरिद्वार में स्थानान्तरण हेतु प्रार्थना पत्र का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि जनपद उत्तकाशी सम्बद्ध टिहरी गढ़वाल में तैनात श्री आकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक, के द्वारा अनुरोध के आधार पर जनपद टिहरी गढ़वाल में राजकीय दिव्यांग कर्मशाला चमियाला/हरिद्वार स्थानान्तरण हेतु प्रार्थना पत्र कार्यालय में प्रस्ततुत किया गया है।

अतः उक्त क्रम में श्री आकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक, जनपद उत्तरकाशी से जनपद टिहरी गढ़वाल में राजकीय दिव्यांग कर्मशाला चमियाला/हरिद्वार स्थानान्तरण हेतु प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र को संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

CIFC

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

CAO (J)

भवदीया,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल

सेवा में,

निदेशक महोदय
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल।

**द्वारा– उचित माध्यम।**

**विषय– अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक निवेदन इस प्रकार कि मेरी माता जी वृद्वावस्था में है वह पांव में फेक्चर एवं सर्वाइकल स्पोन्डिलाइटिस व मधुमेह बिमारी से ग्रस्त होने के कारण उनका स्वास्थय खराब चल रहा है। महोदय माता जी की देखभाल की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरे उपर है। व उन्हे उपचार हेतु समय–समय पर ऋषिकेश व हरिद्वार ले जाना पड़ता है। जनपद उत्तरकाशी एक अति दुर्गम श्रेत्र होने के कारण माता जी को चिकित्सालय ले जाने एवं जनपद में चिकित्सा की उचित व्यवस्था न होने के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। महोदय वर्तमान समय में जनपद टिहरी गढ़वाल के दुर्गम क्षेत्र चमियाला में राजकीय दिव्यांग कर्मशाला केमरा केमर में वरिष्ठ सहायक का पद रिक्त है जिसके सापेक्ष प्रार्थी का स्थानान्तरण किया जा सकता है।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रार्थी का स्थनान्तरण जिला समाज कल्याण कार्यालय उत्तरकाशी से दुर्गम क्षेत्र राजकीय दिव्यांग कर्मशाला केमरा केमर, चमियाला टिहरी गढ़वाल अथवा नजदीकी जनपद हरिद्वार में वरिष्ठ सहायक के पद पर करने की कृपा करें। प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

संस्तुति सहित अग्रसारित
24/4/26
DSWO(TG)

जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढवाल

भवदीय,
24-4-26
आकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ सहायक
समाज कल्याण विभाग उत्तरकाशी
सम्बद्व टिहरी गढ़वाल।

(12)

संख्या– 320 /XVii(1)/2026–03(प्रकोष्ठ)/2020

प्रेषक,

अरूण कुमार,
अनु सचिव/संयुक्त निदेशक,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी, नैनीताल।

अनु.जाति/जनजाति नियोजन प्रकोष्ठ, देहरादून : दिनांक 04 ~~अप्रैल~~ मई 2026

**विषयः श्री सतबीर सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक, सम्बद्ध, अनुसूचित जाति/जनजाति नियोजन प्रकोष्ठ उत्तराखण्ड शासन का स्थानान्तरण न किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या 516 दिनांक 29.01.2020 के द्वारा श्री सतबीर सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक को अनुसूचित जाति/जनजाति नियोजन प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड शासन में शासकीय कार्यों हेतु सम्बद्ध किया गया है। वर्तमान में श्री यादव को प्रकोष्ठ कार्यालय में सेवा स्थानान्तरण किये जाने हेतु कार्यवाही गतिमान है। वर्तमान में सभी विभागों में वार्षिक स्थानन्तरण प्रकिया गतिमान है, श्री यादव का स्थानान्तरण की कार्यवाही के संबंध में यह अवगत कराना समीचीन होगा कि श्री यादव की धर्मपत्नी जनपद देहरादून में शासकीय सेवा में सेवारत है। स्थानान्तरण एक्ट की धारा 17–ख(चार) के कम में पति–पत्नी एक ही जनपद में रखे जाने की व्यवस्था की गयी है। शासकीय कार्यों के सम्पादन हेतु श्री सतबीर सिंह यादव, वरिष्ठ सहायक को प्रकोष्ठ कार्यालय में सम्बद्ध किया गया है। वर्तमान में श्री सतबीर सिंह यादव, लेखा, बिल, सामग्री कय, बजट, स्टोर व अन्य कार्य जो भी उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये जाते है उनका निष्पादन किया जा रहा है।

अतः उक्त के परिपेक्ष में अनुरोध करना है, कि श्री यादव को स्थानान्तरण प्रकिया से पृथक रखने का कष्ट करें।

CFC वार्ता 05-5-26

निदेशक समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी (नैनीताल)

भवदीय,

(अरूण कुमार)
अनु सचिव/संयुक्त निदेशक।

13

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी – नैनीताल।

विषयः– पारिवारिक परिस्थितयों के कारण स्थानान्तरण से मुक्त रखे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अनुरोध के साथ अवगत कराना है कि प्राथी वर्ष 2022 से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, ऊधमसिंहनगर में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात है तथा वर्तमान में पारिवारिक परेशानियों के कारण अनुरोध के आधार पर निदेशालय समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी – नैनीताल में सम्बद्ध है।

महोदय पारिवारिक समस्याओं के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि प्रार्थी की पुत्री जिसको बोलने एवं समझ की समस्या होने के कारण मनोचिक्तिसक के परामर्श के अनुसार उनका हल्द्वानी में निरन्तर आक्यूपेशनल /स्पीच/स्पेशल एजुकेशनल थैरेपी चल रही है।

अतः उपरोक्त पारिवारिक परेशानियों के दृष्टिगत मेरा स्थानान्तरण मूल तैनाती ऊधमसिंहनगर से निदेशालय समाज कल्याण , हल्द्वानी – नैनीताल करने अथवा स्थानान्तरण से मुक्त रखने की महत्ति कृपा किजिएगा।

भवदीय,

संजय जोशी,
वरिष्ठ सहायक,
निदेशालय हल्द्वानी– नैनीताल।

(14)

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

महोदय,

कृपया निदेशालय के आदेश सं0 825 दिनांक 10.06.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मेरा स्थानान्तरण निदेशालय, समाज कल्याण से कार्यालय जिला, समाज कल्याण अधिकारी, बागेश्वर में हुआ था। निदेशालय के आदेश के क्रम में दिनांक 18.08.2025 को मुझे निदेशालय से कार्यमुक्त कर दिया गया था।

महोदय सादर अवगत कराना है कि मेरे परिवार में मेरे दो छोटे बच्चे (पुत्र–आयु 3.5 वर्ष, पुत्री–आयु 9 वर्ष) एवं वृद्ध सास–ससुर (आयु 70, 78 वर्ष) है। मेरे पति वर्तमान में अल्ट्राटैक सीमेण्ट, वर्कस, मध्य–प्रदेश में कार्यरत है, जिसके कारण मेरे परिवार की देखभाल के लिये घर में और कोई सदस्य नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि वार्षिक स्थानान्तरण सत्र 2026–27 में मेरा स्थानान्तरण जिला समाज कल्याण अधिकारी, बागेश्वर से निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड में करने की कृपा करें।

दिनांक– 21 / 04 / 2026

भवदीया,

Laxmi 21/4/26

(लक्ष्मी गोस्वामी)
प्रधान सहायक,
(मु0)

(15)

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

पत्रांक 126 /स0क0/स्थाना0अनु0पत्र/2026–27 दिनांक, 06, मई,2026।

विषय– **श्री तारासिंह मेहरा, प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का प्रत्यावेदन के प्रेषण विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री तारासिंह मेहरा, प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का स्थानान्तरण हेतु प्राप्त अनुरोध पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगे। पत्र द्वारा श्री तारासिंह ने अपने पारिवारीक परिस्थित को देखते हुए अनुरोध किया गया है कि उनका स्थानान्तरण आई0टी0आई0 पाईन्स,नैनीताल एवं कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल में उच्च पद के सापेक्ष स्थानान्तरण चाहने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसे मूल में संलग्न कर सस्तुति सहित महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा– **उचित माध्यम।**

विषयः– **अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण सत्र वर्ष 2026–27 में स्थानान्तरण किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर निवेदन करना है कि वर्तमान में प्रार्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी जनपद चम्पावत में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है, और प्रार्थी की पत्नी अकेली नैनीताल में निवासरत है। जो मानसिक रोग से ग्रस्त ~~ग्रस्थ~~ है। प्रार्थी के दो पुत्र है जो एक गुडगांव एवं देहरादून में अध्ययनरत है। **पत्नी का स्वास्थ्य उपचार वर्ष 2013–14 से डा0 एस0एन0 तिवारी, मनोचिकित्सक, नैनीताल से निरन्तर किया जा रहा है। (छायाप्रतियां सलग्न)** सप्ताह में उनका स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में नैनीताल जाकर डाक्टर से परार्मश लेना पड़ता है। जो जनपद चम्पावत से दूर होने के कारण डाक्टर से पत्नी के स्वास्थ्य परार्मश किये जाने में कठिनाई हो रही है। पूर्व वर्षो में भी प्रार्थी के पत्नी के स्वास्थ्य को मद्येनजर रखते हुए विभाग द्वारा प्रार्थी पर सहानुभूति प्रकट करते हुए स्थानान्तरण नही किया गया है। परन्तु वर्ष 2023–24 में प्रार्थी का पदोन्नति प्रशासनिक अधिकारी में होने के फलस्वरूप निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल में किया गया था। परन्तु मेरे घर की परेशानी को देखते हुए मेरे द्वारा कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल में विभागीय कार्यो का सम्पादन किया गया । परन्तु माह अक्टूबर 2024 को मुझे निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड हल्द्वानी में तैनात किया गया, जिसके फलस्वरूप स्थानान्तरण अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के माह जून 2025 को मेरा स्थानान्तरण कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत में किया गया है। जो परिवारिक परिस्थियों के कारण मुझे पत्नी के स्वास्थ्य परीक्षण/डाक्टर से परार्मश हेतु माह में दो बार नैनीताल जाने से शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है।

कृपया उक्त के क्रम में विन्रम निवेदन करना है कि मेरे पत्नी के मानसिक स्वास्थ्य को मद्येनजर रखते हुए मुझे **अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण सत्र वर्ष 2026–27** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाईन्स या कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल में प्रशासनिक अधिकारी, या उच्च पद के सापेक्ष स्थानान्तरण पर विचार करने का कष्ट करेंगे। प्रार्थी एवं प्रार्थी का परिवार महोदय, के आजीवन अभारी रहेगा।

**संलग्न– उपरोक्तानुसार।**

**दिनांक – 27.04.2026**

संस्तुति सहित अग्रसारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
चम्पावत

प्रार्थी
24-4-2026

(तारासिंह मेहरा)
प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

16

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा– उचित माध्यम।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि, प्रार्थी वर्तमान में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पिथौरागढ में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है। इससे पूर्व प्रार्थी जनपद अल्मोडा में कार्यरत रहा है। प्रार्थी की माता जी जो कि वृद्व एवं दिव्यांग है, जो कि चलने–फिरने में असमर्थ है, तथा हल्द्वानी अपने मूल निवास पर अकेले निवास करती है, जिससे उनको अपने जीवन–यापन एवं नियमित दिनचर्या में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। प्रार्थी की माता की देखभाल की जिम्मेदारी प्रार्थी पर ही निहित है, प्रार्थी की जनपद पिथौरागढ में तैनाती जो कि हल्द्वानी से अत्यधिक दूरी पर स्थित होने के कारण माता जी के देखभाल में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

उपरोक्त कम में महोदय से सादर विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी की माता की दिव्यांगतान/वृद्वावस्था से सम्बन्धित परेशानियों के मददेनजर प्रार्थी का स्थानान्तरण/सम्बद्वीकरण निदेशालय समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी–नैनीताल में करने की असीम अनुकम्पा करने का कष्ट करें, ताकि प्रार्थी शासकीय कार्यो के साथ–साथ अपनी माता जी की नियमित देखभाल कर सके। इस हेतु प्रार्थी एवं प्रार्थी का परिवार आपका आजीवन आभारी रहेगा।

CPC
for na
04-5-26

संलग्न– दिव्यांग प्रमाण–पत्र।

समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

Mahesh Pandey (AO)

04/05/26

प्रार्थी,

(दीपक जोशी)
प्रशासनिक अधिकारी,
जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय
जनपद–पिथौरागढ।

# OFFICE OF THE CHIEF MEDICAL OFFICER ALMORA

No-M-1/95-96

Date 27.10.97
Camp- Jainti

Handicap Certificate in accordance with the G. O. No 7141971 Dated May 20/1979

We examined Sri/Km/Smt Deepa Joshi
aged about 28 years ~~S/o~~ Wife of Shri Urba Dutt
R/o Sonadi P.O- Sonadi P.S- Almora
Distt. Almora.

Whose signature/~~LTI~~/RTI/ is given below and certify that ~~he~~/she is a case of Post Polio Residual paralysis
Acquired Telipes equino cavovarus (Rt)
with shortening of 2.5cm
She is physically handicaped for 40%

We certify that she/he is permanently physically handicapped person.

देवकी जोशी
देवकी जोशी

Sig./~~LTI/RTI of~~ candidate

Orthopadic Surgeon
(Member)

Eye Specialist
(Member)

Chief Medical Officer
Almora

17

सेवा में,

श्रीमान निदेशक महोदय
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा उचित माध्यम

महोदय,

सादर निवेदन इस प्रकार है कि, निदेशालय के आदेश संख्या 3516/स0क0/स्था0–3/पदोन्नति/2025–26 दिनांक 12 जनवरी, 2026 के द्वारा प्रार्थी को कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी बागेश्वर से नितान्त अस्थाई व्यवस्था के तहत दिनांक 31.03.2026 तक एवं पत्र संख्या 26 दिनांक 04–04–2026 के द्वारा दिनांक 30–06–2026 तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी अधिकारी कार्यालय पिथौरागढ में कार्य करने की अनुमति प्रदान की गयी है। महोदय उक्त के कम में सादर अवगत कराना है कि, **मेरी माता की उम्र 90 वर्ष है, मेरी माता जी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका इलाज जनपद पिथौरागढ़ से चल रहा है, महोदय उनकी देख–रेख का जिम्मा प्रार्थी के उपर ही है,** उक्त के अतिरिक्त अत्यन्त विनम्रता पूर्वक सादर संज्ञान में लाना है कि मै स्वयं शारीरिक रूप से दिव्यांग हूँ। मेरा स्वास्थ्य भी अकसर खराब रहता है। **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान वीरभद्र रोड ऋषिकेश देहरादून से हार्ड का एस0पी0 ई0पी0एस0+आर0एफ0ए0 दिनांक 24–04–2026 को किया गया है।** मेरी सेवानिवृत्ति में लगभग 02 वर्ष शेष है।

अतः महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि मेरी माता जी की बृद्वावस्था एवं खाराब स्वास्थ्य तथा मेरी दिव्यांगता के दृष्टिगत से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय बागेश्वर से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पिथौरागढ़ में तैनात करने की कृपा करेंगे इस हेतु मैं और मेरा परिवार महोदय का आजन्म आभारी रहेगें।

प्रार्थी
05-05-2026
घनश्याम लाल आगरी
प्रशासनिक अधिकारी
का0 जि0 स0 क0 अधिकारी
पिथौरागढ़।

संस्तुति सहित महोदय की सेवा में अग्रसारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
पिथौरागढ़

CFC
05.5.2026

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

05/05/26

(18)

सेवा मे ,

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी नैनीताल ।

द्वारा :– उचित माध्यम / द्वारा
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
ऊधमसिह नगर।

विषय -- **दुर्गम जनपद उत्तरकाशी मे स्थानान्तरण के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र ।**

महोदय,

सादर निवेदन है कि प्रार्थी के पूर्व अनुरोध प्रार्थना पत्र दिनॉक--25.10.2025 के क्रम मे पुनः निवेदन है कि प्रार्थी का स्थानान्तरण निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशानुसार जनपद उत्तरकाशी से जिला समाज कल्याण अधिकारी ऊधमसिह नगर मे किया गया है। उक्त आदेश के कम मे प्रार्थी द्वारा जनपद ऊधमसिह नगर मे योगदान किया गया है। प्रार्थी के वृद्ध पिता जी का स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण जनपद उत्तरकाशी मे स्थानान्तरण चाहने के लिए महोदय कि सेवा मे प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। प्रार्थी की माता का विगत 02 वर्षा पूर्व देहान्त हो चुका है। प्रार्थी पर वृद्ध पिताजी के देखभाल करने की पूर्ण जिम्मेदारी है, वृद्ध पिताजी के देख करने वाला कोई बडा व छोटा भाई नं होने व उक्त रक्तचाप व अन्य बिमारीयों से ग्रस्त होने के कारण प्रार्थी स्वंय दुर्गम जनपद उत्तरकाशी मे सेवा देना चाहता हूँ।

अतः महोदय से पुनः विन्रम निवेदन है कि प्रार्थी का स्थानान्तरण सुगम जनपद कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी ऊधमसिह नगर से दुर्गम जनपद उत्तरकाशी करने की कृपा करे। जिससे प्रार्थी के, द्वारा आपने वृद्ध पिता की देखभाल के साथ ही पूर्व की भॉति शासकीय कार्य का सम्पादन किया जा सके। उपरोक्त अनुरोध के लिए प्रार्थी आपका आभारी रहेगा ।

दिनॉक--20.11.2025।

S.P.A
निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)
4/12/2025

प्रार्थी

हरदेव सिह रावत
प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय
जिला समाज कल्याण अधिकारी
ऊधमसिह नगर ।

प्रतिलिपि :–

अग्रिम निदेशक समाज कल्याण उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल की सेवा मे सादर उक्त निवेदन के कम मे सूचनार्थ प्रेषित । पंजीकृत -- ई मेल द्वारा।

20/11/25
हरदेव सिह रावत
प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय
जिला समाज कल्याण अधिकारी
ऊधमसिह नगर ।

प्रेषक,

यतेन्द्र सिंह राणा,
प्रशासनिक अधिकारी,
समाज कल्याण विभाग, उत्तरकाशी।

सेवा में,

निदेशक महोदय,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा– जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तरकाशी।

विषयः– पारस्परिक स्थानान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल के आदेश संख्या 826/स0क0/स्था0–03/2025–26 दिनांक 10 जून, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री यतेन्द्र सिंह राणा, प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंह नगर को विभागीय स्थानान्तरण समिति की संस्तुति के आधार पर कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी में स्थानान्तरण किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में प्रार्थी द्वारा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरकाशी में योगदान ग्रहण कर लिया गया है।

अतः महोदय को सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी की वृद्व माताजी जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक है, जिनका स्वास्थ्य हमेशा खराब रहता है। उनकी देखभाल हेतु मेरे अलावा कोई अन्य सदस्य न होने के कारण बहुत परेशानियो का सामना करना पड रहा है। जिस हेतु मुझे बार–बार अपनी माता जी के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अपने गृह जनपद ऊधमसिंह नगर जाना पडता है। महोदय यदि मेरा स्थानान्तरण कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, ऊधमसिंह नगर हो जाता है तो में अपनी माता जी व छोटे बच्चों की देखभाल एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण उचित ढंग से कर सकुंगा। श्री हरदेव सिंह रावत, प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है कि वह दुर्गम क्षेत्र जनपद उत्तरकाशी में सेवा देना चाहने के क्रम में पारस्परिक स्थान्तरण करने हेतु सहमत है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि मेरी उपरोक्त परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुये श्री हरदेव सिंह रावत व स्वयं प्रार्थी का पारस्परिक स्थानान्तरण करने की कृपा करें, मैं तथा मेरा परिबार आपका आजीवन आभारी रहेगा।

दिनांक 01.12.2025

प्रार्थी,

यतेन्द्र सिंह राणा
प्रशासनिक अधिकारी,
का0जि0स0क0अधि0,
उत्तरकाशी।

Scanned with OKEN Scanner

(19)

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तराखण्ड हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा– जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिथौरागढ।

महोदय,

सादर निवेदन इस प्रकार हैं कि मेरा भाई दिव्यांग हैं जो पैरालिस होने के कारण विस्तर से उठ नही सकता हैं, उनके द्वारा समस्त कार्य बैंड में ही किया जाता हैं। महोदय जिनकी देखभाल करने वाला मेरे सिवाय परिवार में कोई नही हैं। महोदय से अनुरोध करना हैं कि मैं दुर्गम से दर्गम में ही सेवा करना चाहता हूँ।

अतः महोदय से सानुरोध हैं कि मेरी उपरोक्त परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए मेरा स्थानान्तरण अन्यत्र न करते हुए मुझे जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पिथौरागढ में ही तैनात रहने की कृपा करेगें। जिससे मैं अपने दिव्यांग भाई की देखभाल कर सकू। इस हेतु मैं तथा मेरा परिवार आपका आजीवन आभारी रहेगा।

भवदीय,

(दलीप प्रसाद)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,
कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी,
पिथौरागढ।

संस्तुति सहित अग्रसारित

07/5/26.

जिला समाज कल्याण अधिकारी
पिथौरागढ

Scanned with OKEN Scanner

(20)

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

**विषय– उत्तराखण्ड लोक सेवाओं के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 3 (घ) के अन्तर्गत स्थानान्तरण से छूट चाहने विषयक।**

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि अद्योहस्ताक्षरी वर्तमान में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर निदेशालय समाज कल्याण में कार्यरत है तथा अद्योहस्ताक्षरी की पत्नी अपराध अनुसन्धान विभाग हल्द्वानी में कार्यरत है। महोदय मेरी पत्नी कैंसर रोग से पीड़ित है जिस कारण उसे प्रत्येक तीन माह के अन्तराल में आवश्यक जाँचों / चिकित्सीय परामर्श हेतु राजीव गाँधी कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेन्टर नई दिल्ली में ले जाना होता है।

महोदय उत्तराखण्ड लोक सेवाओं के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 की धारा 3 (घ) में कैंसर रोग को गंभीर रोग की श्रेणी में रखा गया है एवं अधिनियम की धारा 7घ(3) में कार्मिक के परिवार के किसी सदस्य (माता / पिता / पत्नी / पुत्र / पुत्री आदि) के गंभीर रोग से ग्रस्त होने पर अनिवार्य स्थानान्तरण में छूट का प्राविधान उल्लिखित किया गया है।

अतः विनम्र अनुरोध है कि मेरी पारिवारिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुझे उत्तराखण्ड लोक सेवाओं के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 के प्राविधानुसार सुगम से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण से छूट प्रदान करने की कृपा करें, यदि स्थानान्तरण किया जाना आवश्यक हो, तो मुझे जिला समाज कल्याण कार्यालय, जनपद चम्पावत को स्थानान्तरित करने का कष्ट करेगें।

भवदीय,

(रामपाल सिंह मेहता)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,
मुख्यालय।

21

Email Id- swditcell@gmail.com
Mob- 6395221188

# आई0टी0 सैल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड

भगत सिंह कालोनी अधोईवाला, निदेशालय जनजाति कल्याण, परिसर देहरादून

पत्रांक 45 /आई0टी0 सेल/स्थाना0/2025-26 दिनॉक 29-04-2026

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी-नैनीताल।

विषयः- श्री सिद्धार्थ रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का प्रार्थना पत्र का प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया आई0टी0 सैल में तैनात श्री सिद्धार्थ रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा उत्तराखण्ड लोक सेवाओं के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 3(घ) एवं 7(घ) के अन्तर्गत स्थानान्तरण में शिथिलता चाहने विषयक प्रार्थना पत्र दिनॉक 29-04-2026 को इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः श्री सिद्धार्थ रावत, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, आई0टी0 सैल, समाज कल्याण का उक्त प्रार्थना पत्र संलग्न कर सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने हेतु आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

भवदीया

(हेमलता पाण्डेय)
नोडल अधिकारी

40(M)

Dy. Dir.
19.5.26

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड़
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा नोडल अधिकारी, आई0टी0 सेल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषयः– **उत्तराखण्ड लोक सेवाओं के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 3(घ) एवं 7घ(3) के अन्तर्गत स्थानान्तरण में शिथिलता चाहने विषयक।**

महोदय,

कृपया सादर अनुरोध है कि मैं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर आई0टी0 सेल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड कार्यालय, देहरादून में तैनात हूँ। वर्तमान में मेरा वेतन जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, हरिद्वार से आहरित किया जा है। महोदय मेरी माता जी हृदय रोग से पीड़ित है एवं उनकी एजियोप्लास्टी जून, 2020 में की गई है। हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण उन्हे निरन्तर चिकित्सकों से परामर्श/इलाज हेतु मुझे अस्पताल ले जाना पड़ता हैं। इसके अतिरिक्त मेरी माता जी ऑखों के रोग से भी ग्रस्त है जिसका इजाल एम्स नईदिल्ली से चल रहा है। अपनी माता जी के देखभाल करने वाला मैं अकेला पुत्र हूँ।

महोदय अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 3(घ) में हृदय रोग/एंजियोप्लास्टी को गम्भीर रोग की श्रेणी में रखा गया है एवं अधिनियम की धारा 7घ(3) में कार्मिक के परिवार के किसी सदस्य(माता/पिता/पत्नी/पुत्र/पुत्री आदि) के गम्भीर रोग से ग्रस्त होने पर सुगम से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण में छूट का प्राविधान किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मेरी उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत मुझे उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम की धारा 7घ(3) के प्राविधानानुसार मुझे वार्षिक स्थानान्तरण 2026–27 में सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण से छूट प्रदान करने की कृपा करें। मैं आपका जीवनभर आभारी रहूँगा।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

भवदीय
29-4-26
(सिद्धार्थ रावत)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी,
आई0टी0 सैल, समाज कल्याण,
उत्तराखण्ड–देहरादून।

22

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मुझे निदेशालय में कार्य करते हुए (सुगम क्षेत्र में) 10 वर्ष से अधिक समय हो गया है। मेरी पूर्व में दुर्गम सेवा लगभग 13 वर्ष हो चुकी है। स्थानान्तरण अधिनियम के तहत जिन कार्मिकों द्वारा दुर्गम में सेवा पूर्ण कर ली हो, वे कार्मिक दुर्गम क्षेत्र में स्थानान्तरण सीमा में नही आते हैं।

अतः महोदय से अनुरोध है कि मेरा स्थानान्तरण कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी ऊधमसिंहनगर अथवा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल को करने का कष्ट करें।

प्रार्थी,

(प्रकाश चन्द्र जोशी)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
मुख्यालय।

अग्रिम प्रति

सेवा में,

श्रीमान निदेशक महोदय,
समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

द्वारा– उचित माध्यम।

विषय – प्रार्थिनी का जनपद पिथौरागढ से जनपद चम्पावत स्थानान्तरण/संबद्धीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अनुरोध करना है कि प्रार्थिनी नीलम ज्योति सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर जनपद पिथौरागढ़ में तैनात है तथा विडम्बना यह है कि प्रार्थिनी का घर जनपद चम्पावत में है तथा प्रार्थिनी के घर पर बूढ़े सास ससुर हैं जो अक्सर बीमार रहते है जिनकी देखभाल प्रार्थिनी के द्वारा की जाती है तथा प्रार्थिनी को जनपद पिथौरागढ़ में कार्यरत होने के कारण उनकी देखरेख के लिए जनपद चम्पावत जाना पड़ता है जिससे उनकी देखरेख ठीक प्रकार से नहीं हो पाती है जनपद पिथौरागढ़ से जनपद चम्पावत की दूरी ज्यादा होने के कारण प्रार्थिनी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा प्रार्थिनी की बेटी 3 वर्ष की है जिस कारण प्रार्थिनी को जनपद पिथौरागढ़ में मूल स्थान में अकेले रहने के कारण कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही आपको यह भी अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के पति पशुपालन विभाग में जनपद चम्पावत में कार्यरत हैं शासनादेश के अनुसार भी पति–पत्नी को एक जनपद में रहने का प्राविधान है तथा चम्पावत में सहायक समाज कल्याण अधिकारी का पद भी रिक्त है उक्त पद के सापेक्ष प्रार्थिनी अपना दुर्गम से दुर्गम स्थानान्तरण/संबद्धीकरण चाहती है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थिनी की पारिवारिक स्थिति एवं पति–पत्नी एक जनपद में रहने के प्राविधान को दृष्टिगत रखते हुए मेरा स्थानान्तरण/संबद्धीकरण जनपद पिथौरागढ़ से जनपद चम्पावत में करने की कृपा करें इसके लिए प्रार्थिनी एवं प्रार्थिनी का परिवार आजीवन आपका आभारी रहेगा।

प्रार्थिनी

27/2/026

नीलम ज्योति
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
पिथौरागढ़।

CFC
9-04-26

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी, नैनीताल

Sr AO (M)
07/04/26

(27) अग्रिम प्रति

सेवा में,

निदेशक महोदय,
समाज कल्याण विभाग उत्तराखंड,
हल्द्वानी, नैनीताल ।

द्वारा – उचित माध्यमं।

विषयः– **अनुरोध के आधार पर दामपत्य नीति के अंतर्गत जनपद देहरादून में स्थानांतरण के संबध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि मैं वर्तमान में जनपद टिहरी गढ़वाल में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर हूँ और मेरे पति श्री सुनील रावत, सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर देहरादून में कार्यरत हैं। सादर अवगत कराना है कि वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम, 2017 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अधिनियम की धारा 13 (3) में यह व्यवस्था है कि यदि उत्तराखंड की सेवा में कार्यरत पति/पत्नी एक ही स्थान पर तैनाती के इच्छुक हो तो वे तदनुसार एक ही स्थान पर अनुरोध करने के पात्र होंगे का प्राविधान है।

अतः आपसे सादर निवेदन है कि अनुरोध के आधार पर दामपत्य नीति के तहत मेरा जनपद टिहरी से जनपद देहरादून स्थानांतरण करने की कृपा कीजिएगा। मैं एवं मेरा परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा।

दिनांक :– 23–04–2026

भवदीया,
23/04/2026
मीनाक्षी उपाध्याय,
सहायक समाज कल्याण अधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

CIPC
27-4-26

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

Sr AO (M)
Pl. compile & put-up

सेवा में

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
टिहरी ।

विषय:- <u>अनुरोध के आधार पर दाम्पत्य नीति के तहत स्थानांतरण के समबंध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि मेरे पति श्री सुनील रावत जनपद देहरदून में सहायक समाज कल्याण अधिकारी, के पद पर है । महोदय वर्तमान में स्थानांतरण अधिनियम 2017 प्रभावी है । अत: स्थानांतरण अधिनियमं में उल्लेखित धारा 13 (3) के अंतर्गत दामपत्य नीति तहत के अनुरोध के आधार पर जनपद टिहरी से जनपद देहरादून हेतु स्थानांतरण हेतु मेरा प्रार्थना पत्र आवशयक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

सनलग्न:- उपरोक्तानुसार

भवदीया,
[signature] 23/04/2026
( मीनाक्षी उपाध्याय),
सहायक समाज कल्याण अधिकारी

संस्तुति सहित अग्रसारित
[signature] 25/4/26
जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढ़वाल
(DSWO L7k)

प्रो. मेहता

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढ़वाल ।

सेवा में,

निदेशक
समाज कल्याण
उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल ।

पत्रांक 266 /स0क0/स्थानान्तरण/2026–27 दिनांक -27/04/2026

**विषय :– वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के अन्तर्गत अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण चाहने विषयक।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक श्रीमती नितिका चौहान, सहायक समाज कल्याण अधिकारी विकासखण्ड चम्बा टि0ग0 द्वारा अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु अपना प्रार्थना पत्र इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जो कि आपको सम्बोधित है ।

अतः महोदय, उक्त प्रार्थना पत्र संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीया,

(श्रेष्ठा भाकुनी)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढ़वाल

CFC
05.05.26

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

SrAO (m)
Please put up
05/05/26

25 प्रेषण अर्जी

सेवा में,

निदेशक महोदय,
समाज कल्याण
उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल ।

द्वारा :– उचित माध्यम ।

विषय :– वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के अन्तर्गत अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण चाहने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अनुरोध करना है कि प्रार्थनी दिनांक 01.10.2020 से सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर जनपद टिहरी गढ़वाल में कार्यरत है, तथा वर्तमान समय में विकासखण्ड चम्बा में तैनात है । महोदय मेरे पुत्र की उम्र मात्र 10 माह है तथा बच्चे का प्रि–मेच्यूर जन्म होने के कारण बच्चे को निरन्तर स्वास्थ्य परीक्षण हेतु देहरादून दिखाना पडता है । महोदय इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि मेरे पति भारतीय वायुसेना में मिजोरम राज्य में तैनात है, जिसके कारण बच्चे की सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी मेरे ऊपर ही है ।

अतः महोदय से सादर निवेदन करना है कि मेरी उपरोक्त परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मेरा स्थानान्तरण जनपद देहरादून में करने की कृपा करें अथवा मुझे जनपद टिहरी गढ़वाल में ही यथावत कार्यरत रखने का कष्ट करें ताकि में विभागीय कार्यों का निर्वाहन करने के साथ ही अपने 10 माह के बच्चे/पुत्र की देखभाल कर सकूं । इस हेतु मैं एवं मेरा परिवार आपका आजीवन आभारी रहेगा ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीया,
(नितिका चौहान)
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
विकासखण्ड चम्बा,
टिहरी गढ़वाल

संस्तुति सहित अग्रसारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
टिहरी गढ़वाल

26

सेवा में,

निदेशक महोदय
समाज कल्याण विभाग
हल्द्वानी, उत्तराखण्ड.

द्वारा : उचित माध्यम.

विषय : स्वयं के अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण करने के सन्दर्भ में।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थिनी श्रीमती नम्रता गौड़ वर्तमान में विकासखण्ड - रिखणीखाल जनपद पौड़ी गढ़वाल में (दुर्गम विकासखण्ड) में कार्यरत है, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के पति श्री नन्दकिशोर पाण्डे वर्तमान में मौसम विभाग टिहरी में कार्यरत है।

महोदय प्रार्थिनी स्वयं के अनुरोध के आधार पर पति-पत्नी स्थानान्तरण (spouse ground) के तहत अपना स्थानान्तरण जनपद टिहरी गढ़वाल में कराने की इच्छुक है।

अतः महोदय आपसे करबद्ध विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद टिहरी गढ़वाल में कराने की महति कृपा करने का कष्ट कीजिएगा।

भवदीया
Ngaur 28.04.26
(Namrata gaur)
A.S.W.O.
रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल

CFC
for na
18
29.4.26
Sr AO (M)

निदेशक
कल्याण उत्तराखण्ड
...नी (नैनीताल)

25
27

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

पत्रांक १२२ /स0क0/स्थाना0अनु0पत्र/2026–27 दिनांक, 06 मई,2026।

विषय– **श्री विपिन बिष्ट, सहायक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का प्रत्यावेदन के प्रेषण विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री विपिन बिष्ट, सहायक समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, चम्पावत का स्थानान्तरण हेतु प्राप्त अनुरोध पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगे। पत्र द्वारा विपिन बिष्ट ने अपने पारिवारीक परिस्थित को देखते हुए अनुरोध किया गया है कि उनका स्थानान्तरण कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल में स्थानान्तरण चाहने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसे मूल में संलग्न कर सस्तुति सहित महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

SAO(M)

**संलग्न–उपरोक्तानुसार।**

D.SWO
12.5.26

भवदीय,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा– **उचित माध्यम।**

विषयः– **अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण सत्र वर्ष 2026–27 में स्थानान्तरण किये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर निवेदन करना है कि वर्तमान में प्रार्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी जनपद चम्पावत में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत है, और प्रार्थी के वृद्ध पिता जो सेवानिवृत्त एवं परिवार हल्द्वानी–नैनीताल में निवासरत है। प्रार्थी माता का पूर्व 6 वर्ष देहान्त हो गया है। घर पर वृद्ध पिता तथा परिवार के देख–रेख के लिए प्रार्थी पर आश्रित है। जिनको देखने एवं पारिवारीक दायित्वो के निर्वाहन किये जाने के लिए जनपद चम्पावत दूर होने के कारण कठिनाईयों का समना करना पड़ रहा है, जिससे शासकीय कार्य भी प्रभावित होने के आशंका बनी रहती है।

कृपया उक्त के क्रम में विन्रम निवेदन करना है कि मेरे पारिवारीक परिस्थिति को मद्येनजर रखते हुए मुझे **अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण सत्र वर्ष 2026–27** कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर स्थानान्तरण पर विचार करने का कष्ट करेंगे। प्रार्थी एवं प्रार्थी का परिवार महोदय, के आजीवन अभारी रहेगा।

संस्तुति सहित अग्रसारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
चम्पावत

प्रार्थी

**(विपिन बिष्ट)**
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी,
चम्पावत।

सेवा में

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखंड,
हल्द्वानी - नैनीताल ।

द्वारा- (उचित माध्यम) जिला समाज कल्याण अधिकारी उत्तरकाशी ।

विषय - अनुरोध के आधार पर स्थानातरण किये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र ।

महोदय

उपरोक्त विषयक सादर निवेदन करना है कि मै सुधीर चन्द्र जोशी सहायक समाज कल्याण अधिकारी जनपद उत्तरकाशी वर्तमान में जनपदं मुख्यालय मे प्रभारी अपर के साथ - साथ विकास खंड भटवाड़ी दुर्गम विकास खंड में अपनी सेवाए दे रहा हूँ । महोदय मेरे द्वारा जुलाई 2022 से 19 जनवरी 2026 तक दुर्गम जनपद उत्तरकाशी में प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी के पदीय दायित्वों का भी निर्वहन किया गया है ।

वार्षिक स्थानांतनरण अधिनियम 2017 के क्रम मे, महोदय को सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी को दुर्गम जनपद मे सेवाएं देते हुए 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है । महोदय मेरी पत्नी का स्वास्थ्य खराब रहता है जिनका उपचार दून चेस्ट सेंटर देहरादून से चल रहा है, (दस्तावेज संलग्न हैं) साथ ही मेरी पत्नी को दृष्टि संबंधी समस्या भी है जिस कारण मुझे अपनी पत्नी एवं 10 वर्ष के बच्चे की देखरेख भी करनी पड़ती है । महोदय मेरी पुत्री ने भी वर्तमान मे $12^{th}$ की परीक्षा दी है जिसके पश्चात मेरी पुत्री को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी है । इसके अतिरिक्त महोदय को यह भी अवगत कराना है कि मेरा छोटा भाई पैर से 40 प्रतिशत दिव्यांग है जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी अधोहस्ताक्षरी की है ।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि मेरी उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत मेरा स्थानांतरण जनपद देहरादून मे करने की कृपा करें इस कृत कार्य हेतु मै एवं मेरा परिवार सदैव आपके आभारी रहेंगे ।

संलग्नक - उपरोक्तानुसार

भवदीय

सुधीर चंद्र जोशी
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
जनपद उत्तरकाशी

ई-मेल से प्रेषित।

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी-नैनिताल।

पत्रांक 837 /स0क0/स्था0/2026-27 दिनांक 12 मई, 2026

विषय- श्री गणेश भण्डारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, वि0ख0- डुण्डा (उत्तरकाशी) के स्थानान्तरण न चाहने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक, सादर अवगत कराना है कि, श्री गणेश भण्डारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, वि0ख0-डुण्डा जनपद उत्तरकाशी का स्वास्थ्य एवं पारिवारिक कारणों से स्थानान्तरण नहीं चाहने संबंधी प्रार्थना पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रार्थना पत्र को संस्तुति सहित महोदय की सेवा में प्रेषित किया जा रहा है।

540(M)

अतः अनुरोध है कि श्री गणेश भण्डारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, वि0ख0-डुण्डा जनपद उत्तरकाशी, के आवेदन पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोपरी।

14.5.26

भवदीय
12.05.26

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

श्रीमान निदेशक महोदय
समाज कल्याण विभाग
हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखण्ड ।

द्वारा– जिला समाज कल्याण अधिकारी उत्तरकाशी ।

विषय– वार्षिक स्थानान्तरण के सम्बन्ध में ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मेरी प्रथम नियुक्ति 1 जुलाई 2015 को जिला पौड़ी गढ़वाल के दुर्गम ब्लॉक रिखणीखाल में हुई थी ।महोदय मेरा गृह जनपद उत्तरकाशी है एवं मेरी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियॉ भी है तथा मेरे पिता जी वर्तमान में सेना में कार्यरत है एवं मेरी माता जी घर पर अकेली हैं। महोदय मेरे द्वारा 1 जुलाई 2015 से 3 अगस्त 2024 तक कुल 09 वर्ष 01 माह 02 दिन तक दुर्गम क्षेत्र में सेवा करने के पश्चात 01अगस्त 2024 में मेरी पारिवारिक परिस्थिति एवं स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अनुरोध के आधार पर अपना स्थानान्तरण जनपद उत्तरकाशी करवाया गया । महोदय वर्तमान में मेरी स्वास्थ्य स्थिति एवं पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए मेरा स्थानान्तरण न करने का कष्ट करें ।

इस पुनीत कार्य हेतु प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा ।

भवदीय

गणेश सिंह भण्डारी
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
वि0ख0– डुण्डा, उत्तरकाशी ।

महोदय की सेवा मे संलग्न
सादर अग्रसारित ।

11.05.26

जिला समाज कल्याण अधिकारी
उत्तरकाशी

29 30

सेवा में,

निदेशक, महोदय
समाज कल्याण
उत्तराखण्ड हल्द्वानी।

द्वारा उचित माध्यम।

विषय— दिव्यांगता एवं अस्वस्थता के कारण जनपद चमोली से जनपद देहरादून स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी अपनी सेवा में प्रथम योगदान की तिथि 07—01—2019 से जनपद चमोली में सहा0 समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात है। महोदय प्रार्थी एक दिव्यांग कार्मिक है और प्रायः अस्वस्थ रहता है, मुझे बार—बार अपने स्वास्थ्य उपचार हेतु देहरादून जाना पड़ता है। प्रार्थी की पत्नी भी विगत 02 वर्ष से सर्वाइकल दर्द से पीड़ित है और समय—समय पर पत्नी का उपचार भी देहरादून से ही किया जा रहा है। बार—बार देहरादून आने—जाने में काफी व्यय—भार होता है जिससे प्रार्थी की आर्थिक स्थिति भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

महोदय प्रार्थी विगत 06 वर्षों से इस जनपद में दो विकास खण्ड़ों (नंदानगर एवं दशोली) में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन कर रहा है, दुर्गम क्षेत्र होने के कारण प्रार्थी सुगम स्थान पर स्थानान्तरण हेतु पात्रता की सीमा के अर्न्तगत आता है।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि मेरी दिव्यांगता, अस्वस्थता एवं पत्नी की अस्वस्थता को मध्यनजर रखते हुए मेरा स्थानान्तरण अनुरोध पर स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के नियम 13 (4) के अर्न्तगत इस जनपद से जनपद देहरादून करने की महति कृपा कीजिएगा, ताकि मै अपनी पत्नी व अपना स्वास्थ्य का उपचार भी सरलता से करा सकूँ।

इस कार्य हेतु प्रार्थी सदा आपका आभारी रहेगा।

भवदीय

(सुनील नेगी)
सहा0समाज कल्याण अधिकारी
कार्या0 जिला समाज कल्याण
अधिकारी चमोली।

संस्तुति सहित अग्रसारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
चमोली

S.A.O(M)/A.O(P)
Dy Dir
19/05/2026

Scanned with OKEN Scanner

सेवा में,

निदेशक, महोदय
समाज कल्याण
उत्तराखण्ड हल्द्वानी।

द्वारा उचित माध्यम।

विषय— **विकट पारिवारिक परिस्थितियों के फलस्वरुप जनपद चमोली से अन्यत्र स्थानान्तरण न किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी दिनांक 14–11–2022 से जनपद पौड़ी से स्थानान्तरण के फलस्वरूप इस जनपद में सहा0 समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात है। वर्तमान में प्रार्थी अपनी वृद्व माता के साथ जनपद मुख्यालय में ही निवासरत है। मेरे साथ मेरी वृद्ध माता, जो कि अस्वस्थ्ता के फलस्वरुप चलने फिरने में असमर्थ रहती है अवस्था अधिक होने के कारण एक व्यक्ति की आवश्यकता नियमित रुप से मेरी वृद्ध माता की देखरेख हेतु पड़ती है। प्रार्थी अपनी माता का एकल पुत्र है अन्य कोई भी व्यक्ति सहायता करने हेतु न होने के कारण मेरी माता मेरे साथ ही रहती है वर्तमान में स्थानीय वैध से वृद्ध माता जी का उपचार चल रहा है जिससे उनके स्वास्थ्य में भी आंशिक सुधार हुआ है। प्रार्थी की पत्नी भी सरकारी सेवा में अन्यत्र तैनात है व उनके द्वारा भी उक्त विकट परिस्थतियों के दृष्टिगत इस जनपद में स्थानान्तरण हेतु स्थानान्तरण अधिनियम 2017 के नियम 13 (3) के अर्न्तगत अनुरोध किया गया है। उक्त परिस्थितियों के कारण प्रार्थी जनपद चमोली में ही जो कि दुर्गम में है, में सेवा करने का इच्छुक है। ( **नियम 13 (2)** ) अपनी उक्त विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मेरे द्वारा स्थानान्तरण प्रस्ताव में भी स्थानान्तरण हेतु इच्छुक नहीं है का अंकन कराया गया है।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि मेरी उक्त पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत मेरा स्थानान्तरण अन्यत्र न जाय व प्रार्थी जनपद चमोली **(दुर्गम)** में ही सेवा करने का इच्छुक है, ताकि प्रार्थी अपनी सेवा के साथ ही अपनी वृद्व माता जी की देखभाल /उपचार कर सके।

इस कार्य हेतु प्रार्थी सदा आपका आभारी रहेगा।

संस्तुति सहित
अग्र सारित

जिला समाज कल्याण अधिकारी
चमोली

भवदीय,

(धन्नंजय सिंह लिंगवाल)
सहा0 समाज कल्याण अधिकारी
कार्या0 जिला समाज कल्याण
अधिकारी चमोली।

85

सेवा में,

निदेशक समाज कल्याण
हल्द्वानी (उत्तराखंड)

विषय - अत्यंत विषम पारिवारिक परिस्थितियों व मानसिक तनाव के कारण स्थानांतरण हेतु प्रार्थना पत्र अत्यावश्यक|

महोदय,

पत्रांक संख्या 4972/स० क० / स्था० / 2025 -26 दिनांक 31 मार्च 2026 के क्रम में आपके आदेश का अनुपालन कर मेरे द्वारा विकासखंड मुनस्यारी , जिला पिथौरागढ़ में योगदान दे दिया गया है|

महोदय जैसा की आपको विदित है कि मेरी माताजी का आकस्मिक निधन 29/12 /2025 को हो गया था | वर्तमान में मेरे पिताजी शारीरिक रूप से अस्वस्थ है तथा मेरी माताजी एकमात्र संतान होने के कारण नानी भी हमारे साथ ही रहती है जिन्हे देखभाल की अत्यंत आवश्यकता है | इसके अतिरिक्त मेरी बड़ी बहन के विवाह विच्छेद का मामला न्यायलय में लंबित हैं तथा उनका इलाज वर्तमान में मनोचिकित्सक से चल रहा हैं|

अतः उपरोक्त पारिवारिक परिस्थितियों के दृष्टिगत आपसे विनम्र अनुरोध है कि उत्तराखंड लोक सेवको के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 की धारा 6 (ग) तथा धारा 17 (ख)(छ) के अनुसार अनुरोध के आधार पर मेरा स्थानांतरण मेरे गृह जनपद में करने की कृपा कीजियेगा जिससे मैं अपने विभाग के कार्यों को पूरी तत्परता एवं दक्षता से कर विभागीय उद्देश्यों को पूर्ण करने में योगदान दे सकूँ|

महोदय मैं और मेरा परिवार सदैव आपके आभारी रहेंगे|

दिनांक 07 /05 /2026

प्रार्थी

मनोज जोशी
सहायक समाज कल्याण अधिकारी
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

संलग्न–
1- माताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र|
2 - पिताजी के स्वास्थ्य सम्बन्धी दस्तावेज़|
3 - बहन के स्वास्थ्य सम्बन्धी दस्तावेज़|

Regd. Post

सेवा मे,

निदेशक महोदय

समाज कल्याण उत्तराखण्ड

हल्द्वानी (नैनीताल)

विषय - पुत्र मो० इरफान सहायक अध्यापक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सिण्डी जसकोट, पौड़ी गढ़वाल के स्थानान्तरण चाहने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मैं 80 वर्षीय हृदयरोग, शुगर एवं उच्च रक्तचाप से पीड़ित वृद्धा हूँ और मैं पूर्णरूप से अपने पुत्र मो० इरफान पर आश्रित हूँ।

मेरा पुत्र मो० इरफान राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सिण्डी जसकोट, पौड़ी गढ़वाल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत है। इससे पूर्व भी वह वर्ष 2004 से 2014 तक लगातार 10 वर्ष इस ही विद्यालय कार्यरत रह चुका है पुनः वर्ष 2023 मे उसका स्थनांतरण इस ही विद्यालय मे कर दिया गया है। मैं अपने पुत्र मो० इरफान के परिवार के साथ रामनगर (नैनीताल) में रहती हूँ। वृद्धावस्था एवं बीमारी के कारण मुझे कभी भी अचानक अस्पताल ले जाने की आवश्यकता पड़ती है। मेरे पुत्र की तैनाती अत्यधिक दूर एवं दुर्गम स्थान पर होने के कारण मेरे इलाज में बहुत कठिनाई हो रही है और मुझे अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ रहा है।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि मेरी गंभीर स्वास्थय स्तिथि एवं आयु को देखते हुए मेरे पुत्र मो० इरफान का स्थानान्तरण राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रुद्रपुर ( उधमसिंह नगर ) मे करने की कृपा कीजिएगा।

CFC
for n/a
27.4.26

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी ( नैनीताल)

दिनांक- 20-04-2026

भवदीया

बिलकीस

बिलकीस खातून

माता मो०इरफान स०अध्यापक

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय

सिण्डी जसकोट, पौड़ी गढ़वाल।

अग्रिम कापी

सेवा में
जिला समाज कल्याण अधिकारी
रूद्रपुर उ॰ सि॰ नगर

द्वारा → उचित माध्यम

विषय → प्रार्थिनी के पति का 27-09-25 को स्वर्गवास हो जाने के कारण जनपद उधमसिंह नगर रूद्रपुर से अन्यत्र स्थानान्तरित न किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि मेरे पति का स्वर्गवास दि॰ 27-09-2025 को हो गया है. प्रार्थिनी की एकमात्र पुत्री का विवाह हो गया है, वर्तमान में प्रार्थिनी अकेली एवं अवसाद की स्थिति में है

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरी पारिवारिक परिस्थितियों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुये मुझे राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रूद्रपुर से अन्यत्र कहीं ट्रांसफर नहीं करने का कष्ट करें।

CFC
07.8.26

निदेशक
समाज कल्याण उत्तराखण्ड
हल्द्वानी (नैनीताल)

C/O

संलग्नक →
पति का मृत्यु प्रमाण पत्र

प्रार्थिनी
Nandita
नंदिता कर्नाटक
स॰ अ॰
राजकीय आश्रम पद्धति
विद्यालय रूद्रपुर
उ॰ सि॰ नगर

प्रतिलिपि – निदेशक महोदय, समाज कल्याण को अग्रिमकापी के रूप में सादर सूचनार्थ

Nandita
नंदिता कर्नाटक
स॰ अ॰
रा॰ आ॰ प॰ विद्यालय

संख्या 2
S.No.2

प्रपत्र 6
FORM 6

उत्तराखंड सरकार

**GOVERNMENT OF UTTARAKHAND**

**DEPARTMENT OF MEDICAL HEALTH AND FAMILY WELFARE**

नगर निगम हल्द्वानी

**NAGAR NIGAM HALDWANI**

# मृत्यु प्रमाण पत्र
# DEATH CERTIFICATE

(जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 12/17 तथा उत्तराखंड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2003 के नियम 8/13 के अंतर्गत जारी किया गया)

(ISSUED UNDER SECTION 12/17 OF THE REGISTRATION OF BIRTHS AND DEATHS ACT, 1969 AND RULE 8/13 OF THE UTTARAKHAND REGISTRATION OF BIRTHS AND DEATHS RULES 2003)

यह प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित सूचना मृत्यु के मूल लेख से ली गई है जो कि नगर निगम हल्द्वानी तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल राज्य/संघ प्रदेश उत्तराखंड, भारत के रजिस्टर में उल्लिखित है।

THIS IS TO CERTIFY THAT THE FOLLOWING INFORMATION HAS BEEN TAKEN FROM THE ORIGINAL RECORD OF DEATH WHICH IS THE REGISTER FOR NAGAR NIGAM HALDWANI OF TAHSIL/BLOCK HALDWANI OF DISTRICT NAINITAL OF STATE/UNION TERRITORY UTTARAKHAND, INDIA

**मृतक का नाम / NAME OF DECEASED:** MOHIT KARNATAK

**लिंग / SEX:** MALE

**आधार संख्या / AADHAAR NUMBER:**
XXXX-XXXX-5428

**मृतक की आयु / AGE OF DECEASED:**
56 YEARS 2 MONTH(S) 26 DAY(S)

**मृत्यु की तिथि / DATE OF DEATH:**
27-09-2025
TWENTY-SEVENTH-SEPTEMBER-TWO THOUSAND TWENTY FIVE

**मृत्यु का स्थान / PLACE OF DEATH:**
SHISH MAHAL NAINITAL ROAD AAM KATHGODAM, HALDWANI-CUM-KATHGODAM, HALDWANI, NAINITAL, UTTARAKHAND, 263126

**पति/पत्नी का नाम / NAME OF HUSBAND / WIFE:**
NANDITA KARNATAK

**पति/पत्नी का आधार संख्या / AADHAAR NUMBER OF HUSBAND / WIFE:**
XXXX-XXXX-4702

**माता का नाम / NAME OF MOTHER:**
NIRMALA KARNATAK

**माता का आधार नंबर / AADHAAR NUMBER OF MOTHER:**

**पिता का नाम / NAME OF FATHER:**
P.D.KARNATAK

**पिता का आधार नंबर / AADHAAR NUMBER OF FATHER:**

**मृतक का मृत्यु के समय का पता / ADDRESS OF THE DECEASED AT THE TIME OF DEATH:**
SHISH MAHAL NAINITAL ROAD AAM KATHGODAM, HALDWANI-CUM-KATHGODAM, HALDWANI, NAINITAL, UTTARAKHAND, 263126

**मृतक का स्थायी पता / PERMANENT ADDRESS OF DECEASED :**
SHISH MAHAL NAINITAL ROAD AAM KATHGODAM, HALDWANI-CUM-KATHGODAM, HALDWANI, NAINITAL, UTTARAKHAND, 263126

**पंजीकरण संख्या / REGISTRATION NUMBER:**
D2025059004900025 81

**पंजीकरण दिनांक / DATE OF REGISTRATION:**
01-10-2025

**टिप्पणी (यदि कोई हो) / REMARKS (IF ANY):**
ok

**जारी करने की तिथि / DATE OF ISSUE:**
01-10-2025

**Updated On :** 01-10-2025 12:36:17

**'This QR code can be used to check the authenticity of the certificate'**

**प्राधिकारी के हस्ताक्षर / SIGNATURE OF ISSUING AUTHORITY :**
रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु)
Registrar (BIRTH & DEATH)
नगर निगम हल्द्वानी
NAGAR NIGAM HALDWANI

**"प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण सुनिश्चित करें / ENSURE REGISTRATION OF EVERY BIRTH AND DEATH"**

(38)

सेवा में,

अग्रिम प्रति

**निदेशक,**
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी, नैनीताल।

द्वारा– उचित माध्यम।

विषय– **पारिवारिक परिस्थिति के कारण अन्यत्र स्थानान्तरण न चाहने विषयक् प्रार्थना पत्र।**

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि वर्तमान में प्रार्थी राजकीय आश्रम विद्यालय, रूद्रपुर, ऊधमसिंहनगर में सहायक अध्यापक, प्राथमिक के पद पर कार्यरत है एवं प्र0 अधीक्षक के दायित्वों का निर्वहन भी कर रहा है।

महोदय प्रार्थी के माता–पिता की उम्र कमशः 70 वर्ष एवं 72 वर्ष है । प्रार्थी के पिता की हार्ड बायपास सर्जरी एवं माता की स्पाईन सर्जरी होने के कारण दोनों की हर समय देख–रेख की अति आवश्यकता होती है। किसी भी समय स्वास्थ्य खराब हो जाने पर तुरन्त चिकित्सक को दिखाना अनिवार्य हो जाता है। अपने माता पिता का **इकलौता पुत्र** होने के कारण उनकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रार्थी पर है। प्रार्थी अपने माता–पिता के साथ रहकर उनकी देखभाल के साथ–साथ अपने विभागीय पद के दायित्वों का निर्वहन भी अच्छे प्रकार से कर पा रहा है।

महोदय मेरा अन्तिम स्थानान्तरण जून 2023 में हुआ है। अतः प्रार्थना है कि उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी को स्थानान्तरण प्रकिया 2026 से मुक्त रखने की कृपा कीजिएगा।

प्रार्थी सदैव आपका आभारी रहेगा।

Sanjay SA(J)

दिनॉक–25–04–2026
संलग्नक–उक्तानुसार

C.P.C
06.5.26

भवदीय

(अरूण कुमार)
सहायक अध्यापक / प्र0 अधीक्षक,
राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय,
रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।

39

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
नैनीताल ।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल।

पत्रांक 403 /स0क0/अनुरोध स्थांनातरण/2026–27 दिनांक 07 मई 2026।

**विषयः– <u>श्री प्रदीप कुमार, छात्रावास अधीक्षक राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास,शहीद सैनिक नैनीताल का अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण चाहने के प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विभागीय संस्था राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, शहीद सैनिक नैनीताल में कार्यरत श्री प्रदीप कुमार, छात्रावास अधीक्षक के द्वारा अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण चाहने हेतु प्रार्थना पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है। उक्त पत्र मूल रूप में संलग्न कर संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार**

भवदीय

(हस्ताक्षर)

जिला समाज कल्याण अधिकारी
नैनीताल।

SA (1)

DSWO
12.5.26

सेवा में,

निदेशक महोदय,
समाज कल्याण,उत्तराखण्ड
हल्द्वानी–नैनीताल।

द्वारा – उचित माध्यम।

विषयः-- **प्रार्थी का अनुरोध के आधार पर जनपद–चम्पावत या जनपद–पिथौरागढ़ में स्थानान्तरण हेतु प्रार्थना पत्र।**

महोदय,

प्रार्थी राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, शहीद सैनिक नैनीताल में प्रबन्धक / छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। मेरी माताजी की उम्र 70 वर्ष है। जिन्हें अस्थमा, मधुमेह व बी0पी0 की गम्भीर समस्या के कारण तुरन्त अस्पताल ले जाने की आवश्यकता पड़ती है। कुछ समय पूर्व ही मेरे पिताजी का देहान्त हो गया है। जिस कारण मुझे माताजी की देखभाल हेतु समय–समय पर गृह जनपद चम्पावत जाना होता है। **परन्तु आवासीय संस्था में कार्यरत होने के कारण उनकी देखभाल हेतु सार्वजनिक अवकाश व रविवार अवकाश में जनपद मुख्यालय को छोड़कर जनपद–चम्पावत नहीं जा पाता हूँ।** जनपद चम्पावत से कार्यस्थल नैनीताल के मध्य अत्यधिक दूरी होने के कारण अपनी अस्वस्थ माताजी की देखभाल करने में समस्या हो रही है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की पारिवारिक परिस्थिति के कारण मेरा स्थानान्तरण अनुरोध के आधार पर जनपद –चम्पावत या जनपद पिथौरागढ़ में रिक्त पद **राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पिथौरागढ़** में करने की कृपा करें। आपकी महती कृपा होगी ।

प्रार्थी

7.05.2026

प्रदीप कुमार
प्रबंधक / छात्रावास अधीक्षक
रा0अनु0 जाति बालक छात्रावास
शहीद सैनिक, नैनीताल।

प्रेषक

जिला समाज कल्याण अधिकारी
हरिद्वार।

सेवा में

निदेशक
समाज कल्याण
उत्तराखण्ड हल्द्वानी नैनीताल।

पत्रांक 582 / स0क0 / स्था0 / 2026–27 दिनाक 19/5/26

विषय– श्री जितेंन्द्र सिह शाह अधीक्षक रा0अनु0जाति0 छात्रावास ऋषिकुल हरिद्वार के स्थानांतरण अनुरोध पत्र प्रेषण के संबध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विष्यक अवगत कराना है कि श्री जितेंन्द्र सिह शाह अधीक्षक रा0अनु0जाति0 छात्रावास ऋषिकुल हरिद्वार का स्थनातरण अनुरोध पत्र कार्यालय को प्राप्त हुआ हैं जो महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

19.05.2026

जिला समाज कल्याण अधिकारी
हरिद्वार।

सेवा में

निदेशक
समाज कल्याण
हल्द्वानी नैनीताल

द्वारा – उचित माध्यम ।

विषय– स्थानातरण चाहने क संबध में।

महोदय

नम्र निवेदन इस प्रकार से है कि प्रार्थी श्री जितेन्द्र सिह शाह (अधीक्षक) वर्तमान में जनपद हरिद्वार में स्थत रा0अनु0जति0बालक छात्रावास में कार्यरत हैं पूर्व में प्रार्थी की तैनाती जनपद चमोली में वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक रह हैं। प्रार्थी के माता पिता वृद्ध हैं जिनका प्रार्थी के अलाव कोई देखभाल करने वाला नही हैं तथा प्रार्थी के पिताजी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है तथा उनकी उम्र 90 साल हैं जो अक्सर बिमार रहतें है, व प्रार्थी की माता जी जो 70 वर्षीय वृद्ध हैं का स्वास्थय भी खारब रहता हैं जिनकी देखभाल करने वाला प्रार्थी के अलावा कोई नही हैं।

अतः महोदय से निवेदन है कि प्रार्थी की पारिवारिक समस्यओं को देखते हुऐ प्रार्थी का स्थानातरण उनके गुह जनपद देहरादून में कराने की कुपा करें ताकि प्रार्थी अपनी प्रारिवारिक जिम्मदारियो के साथ शासकीय कार्यो में अपने पूरे मनोयोग से कार्य कर सके । इस हेतु प्रार्थी आपका आजीवन आभारी रहेगा।

संस्तुति सहित अग्रसारित
14.05.2024

प्रार्थी

श्री जितेन्द्र सिह
अधीक्षक
रा0अनु0जाति0छात्रावास
ऋषिकुल हरिद्वार।